
**शुक्रवार**
15 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
**वजन को तेजी से बढ़ाने में मदद कर सकते हैं प्रोटीन शेक**



पृष्ठ 5
**मीत के लिए आशी सिंह ने लिया नया अवतार**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 160
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
**सांध्य दैनिक**
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

अध्ययन आनंद, अलंकार तथा योग्यता के लिए उपयोगी है।
— बेकन

## कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को बढ़ाया जाएगा

विशेष संवाददाता

देहरादून। राज्य सरकार द्वारा भले ही कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती से लेकर राज्य पुलिस का पूरा अमला यात्रा की सुरक्षा में जुटा हुआ है लेकिन किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को और बढ़ाया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा में आने वाली भीड़ के बीच अराजक तत्वों की घुसपैठ और गड़बड़ी की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है। इंटेलिजेंस एजेंसियों द्वारा केंद्र सरकार को दी गई रिपोर्ट में इस तरह के संकेत दिए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नई एडवाइजरी जारी की गई है जिसके तहत कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाए जाने की बात कही गई है। कांवड़ यात्रा पर आने के लिए यूं तो राज्य सरकार द्वारा सभी कांवड़ियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्य व्यवस्था की गई है। लेकिन क्या सभी कांवड़ियों की आईडी और रजिस्ट्रेशन आदि की जांच कर पाना





**❑केंद्रीय गृह मंत्रालय ने की एडवाइजरी जारी**
**❑इंटेलिजेंस एजेंसियों ने जताई खतरे की आशंका**

व्यवहारिक रूप से संभव हो सकता है। ऐसी स्थिति में अगर कुछ अराजक तत्व गड़बड़ी फैलाने की नियत से घुस आते हैं तो उनकी पहचान करना आसान काम नहीं होगा। मेला क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा 100 कैमरे दून पुलिस द्वारा भी लगाए गए हैं। मेला क्षेत्र को सेक्टरों में बांटकर अधिकारियों को अलग-अलग ड्यूटी सौंपी गई है। 10 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं केंद्रीय रिजर्व फोर्स और पीएसी की कई कंपनियां भी तैनात हैं और हेलीकॉप्टर से भी निगरानी की व्यवस्था की गई है। बम निरोधक दस्ते भी तैनात किए गए हैं। लेकिन फिर भी सुरक्षा में सेंध की संभावना बनी हुई है।

इस कावड़ यात्रा में 5 से 6 करोड़ तक कांवड़ियों के आने की संभावना जताई गई है जिसका अर्थ है कि 1 दिन में 50 लाख तक की भीड़ संभव है। जिस पर नियंत्रण और निगाह रखना कोई आसान चुनौती नहीं होगा। यात्रा पर आने वाले कांवड़ियों के रूट तय हैं लेकिन संपर्क मार्गों से यात्रा में आने वाले कांवड़ियों की भी कमी नहीं है। भले ही यात्रा मार्गों को बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध किया गया हो लेकिन छोटे वाहनों की आवाजाही भी जारी है। नई एडवाइजरी में हरिद्वार और ऋषिकेश पर विशेष ध्यान रखे जाने की बात कही गई है।

## भाजपा चुनावी तैयारियों में जुटी कांग्रेस में कुर्ता घसीटन जारी

विशेष संवाददाता

हरिद्वार/देहरादून। हरिद्वार जिला पंचायत चुनाव की घंटी बज चुकी है अगस्त में संभावित चुनाव के मद्देनजर जहां भाजपा चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है वहीं अंर्तकलह का शिकार कांग्रेस और उसके नेताओं के बीच कुर्ता घसीटन जारी है। कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता भाजपा में जा रहे हैं। आज कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की भाजपा में जाने की चर्चाएं रही। यह सभी नेता हरिद्वार से ताल्लुक रखते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा हरिद्वार जिला पंचायत की 44 सीटों के लिए आज परिसीमन और आरक्षण सूची जारी कर दी गई है। जिसमें 13 सीटें महिलाओं तथा 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई हैं। चुनाव के मद्देनजर भाजपा जो अब तक जिला पंचायत चुनाव में कभी अपनी सत्ता हासिल नहीं कर सकी है इस बार जीत का परचम फहराने की रणनीति के तहत अपना आधार मजबूत करने में जुटी हुई है। वहीं कांग्रेस नेताओं के बीच खींचतान जारी है।

प्रदेश कांग्रेस की इस आपसी

**❑दिनभर कांग्रेसी नेताओं के भाजपा में जाने की खबरें रही चर्चाओं में**

खींचतान के बीच प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव द्वारा 17 जुलाई को कांग्रेस की बैठक बुलाई गई है। अभी हाल में डॉ हरक सिंह की बैठकों और हरीश रावत के बीच तल्खी की खबरों के बीच प्रदेश प्रभारी 17 को दून आ रहे हैं और कांग्रेस के नेताओं की बैठक होने जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह अग्निपथ और महंगाई के मुद्दे पर चल रहे आंदोलन और कांग्रेसी नेताओं के बीच मतभेदों के मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

इस बीच आज सुबह से कांग्रेस के कुछ नेताओं जो हरिद्वार क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं व कार्यकर्ताओं की भाजपा में शामिल होने की खबरें चर्चाओं के केंद्र में रही लेकिन समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी थी कि भाजपा में जाने वाले वह नेता व कार्यकर्ता कौन है इसमें एक व्यापारी नेता भी बताया गया है।

## अभी सिर्फ डेट कर रहा हूं, एक दिन शादी भी हो जाएगीः ललित मोदी

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग के पहले कमिश्नर और चेयरमैन ललित मोदी ने एक ट्वीट कर खुलासा किया है कि अपने परिवार के साथ मालदीव समेत दुनिया भर का टूर करने के बाद लंदन लौटा हूं। ये भी बता दूं कि 'बेटर हाफ' सुष्मिता सेन के साथ आखिरकार नई जिंदगी की शुरुआत शानदार रही है। इसके बाद से उनकी सुष्मिता सेन से शादी की खबर चलने लगी। इसके जवाब में उन्होंने बताया कि अभी सिर्फ डेट कर रहा हूं। एक दिन शादी भी हो जाएगी।



आपको बता दें कि ललित मोदी ने साल 2008 से 2010 तक आईपीएल के चेयरमैन के तौर पर आईपीएल को आगे बढ़ाया। माना जाता है कि आईपीएल का आइडिया भी इन्हीं का था। ये साल 2005 से 2010 तक बीसीसीआई के उपाध्यक्ष भी रहे। बाद में टैक्स चोरी, मनी लॉन्डरिंग के आरोपों के बाद उन्होंने साल 2010 में भारत छोड़ दिया।

## देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि, 24 घंटे में आए 20038 नए मामले दर्ज, 47 लोगों की मौत

नई दिल्ली । एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 20,038 नए मामले सामने आने के बाद भारत में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,37,10,027 हो गई। वहीं, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,39,073 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 47 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,604 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,39,073 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.32 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,997 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के



ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.48 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 4.44 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.30 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,30,45,350 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 199.47 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कांग्रेस को खत्म करने पर आमादा कांग्रेसी

सूबे के कांग्रेसी नेताओं ने जैसे कसम खा ली है कि पार्टी रहे या न रहे लेकिन हम नहीं सुधरने वाले हैं। राज्य गठन से लेकर अब तक सूबे के कांग्रेसी नेताओं में कभी भी अपेक्षित एकता और एकजुटता नहीं देखी गई। राज्य में पहली बार जब कांग्रेस सत्ता में आई और एनडी तिवारी को मुख्यमंत्री बनाया गया था तो उनकी ताजपोशी के साथ ही कांग्रेस के अंदर अंर्तकलह और गुटबाजी शुरू हो गई थी। एनडी तिवारी को कुर्सी से हिला पाने में भले ही उनके विरोधी गुट के नेता सफल नहीं हो सके हों लेकिन उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने में कांग्रेसी नेताओं ने कोई कोर कसर उठाकर नहीं रखी। कांग्रेस को जब दोबारा सत्ता में आने का मौका मिला तो सीएम की कुर्सी को लेकर जिस तरह की खींचतान और मारामारी देखी गई वह किसी से छिपी नहीं है। उस दौरान भी प्रदेश कांग्रेस एक बड़े विभाजन से बाल-बाल बची थी जब विजय बहुगुणा को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला हाईकमान द्वारा किया गया था। बहुगुणा को कुर्सी पर बैठाने के साथ जो विवाद शुरू हुआ था वह उनके कुर्सी से हटाए जाने के बाद भी समाप्त नहीं हुआ जिसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस में बड़ी टूट-फूट हुई। हरीश रावत येन केन प्राकरेण सीएम की कुर्सी तक तो पहुंच गए लेकिन उसके बाद से आज तक कांग्रेस ने सिर्फ अवनीति और अवनीति ही देखी है बात चाहे कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे की हो या फिर चुनावी समर की कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। बात चाहे लोकसभा चुनाव की रही हो या फिर विधानसभा चुनावों की। इस दौरान कांग्रेस ने अपने न्यूनतम स्तर के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लोकसभा की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है वही वह दूसरी बार भी बंपर बहुमत के साथ सूबे की सत्ता पर काबिज है। हालात यह है कि तमाम पुराने कांग्रेसी कांग्रेस छोड़कर भागने पर आमादा हैं भले ही उन्हें भाजपा और आप में जाकर भी कुछ मिले न मिले लेकिन वह कांग्रेस से मुक्ति का रास्ता तलाशने में जुटे हुए हैं। और जो चंद बड़े नेता शेष भी बचे हैं वह आज भी पार्टी की लड़ाई लड़ने की बजाय अपने-अपने वर्चस्व की लड़ाई में मशगूल है। पार्टी में इस कदर गुटबाजी हावी है कि सभी एक दूसरे को नीचा दिखाने और उसके कद में काट छांट करने का कोई मौका नहीं चूकते हैं। भाजपा से फिर कांग्रेस में आए यशपाल आर्य और डॉ हरक सिंह रावत की खिचड़ी भी अलग-अलग पक रही है वही प्रीतम सिंह और हरीश रावत भी अपनी-अपनी ढपली पर अपना-अपना राग अलाप रहे हैं और प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा इन नेताओं को कुछ भी समझाने व कुछ भी कह पाने की स्थिति में नहीं है। वैसे भी इन कांग्रेसी नेताओं में अब कोई किसी की सुनता भी नहीं है। इनके बीच व्यंग और तंजों के सिवाय कोई वार्ता नहीं होती है। प्रदेश प्रभारी और हाईकमान की किसी बात का भी इन पर कोई असर नहीं होता। जिन नेताओं को अपने भविष्य की चिंता नहीं हो उनसे पार्टी के भविष्य पर चिंतन की क्या उम्मीद की जा सकती है।

# यूकेडी ने पुलिस भर्ती जिलेवार कराए जाने की मांग की

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल ने पुलिस भर्ती को जिलावार कराये जाने की मांग को लेकर एसडीएम डोईवाला के माध्यत से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां डोईवाला मे परवादून के जिला अध्यक्ष संजय डोभाल के नेतृत्व में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम युक्ता मिश्र के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद



सेमवाल ने कहा कि पुलिस भर्ती में जिलेवार कोटा राज्य बनने से पहले से ही चला आ रहा है, जिसे अब खत्म कर दिया गया है। इससे पर्वतीय जिलों के अभ्यर्थी मैदानी जिलों के सुविधा संपन्न माहौल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों से पिछड़ जाएंगे। उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष संजय डोभाल ने कहा कि डीएलएड की काउंसलिंग भी जनपदवार की जानी चाहिए, जबकि यह राज्य स्तर पर की जा रही है। इससे संसाधन विहीन पर्वतीय जिलों में बेरोजगारों के साथ अन्याय होगा और पलायन को बढ़ावा मिलेगा। दल के वरिष्ठ नेता अवतार सिंह बिष्ट ने भाजपा सरकार पर पहाड़ विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार लगातार पहाड़ विरोधी निर्णय ले रही है, जिससे लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं। धर्मवीर गुंसाई ने कहा कि यदि सरकार पुलिस भर्ती और डीएलएड की काउंसलिंग को जिलेवार कराने का निर्णय वापस नहीं लेती है तो उत्तराखंड क्रांति दल आंदोलन करने को मजबूर होगा।

# कट्टरपंथी राजनीति के खतरे

अजीत द्विवेदी

भारत की राजनीति में हर समय कुछ कट्टरपंथी ताकतें रही हैं। कुछ नेता रहे हैं, जो कट्टरपंथी राजनीति करते रहे और चुनाव जीतते-हारते रहे। लेकिन कभी भी उनके बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि ऐसी ताकतें हमेशा हाशिए में रहीं यानी फ्रिंज एलीमेंट्स की तरह रहीं। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि हाशिए पर की ताकतें राजनीति के मध्य यानी केंद्र बिंदु की तरफ बढ़ रही हैं। फ्रिंज की राजनीति ही मुख्यधारा बन रही है। कई चुनावों और उपचुनावों के नतीजों से इसके संकेत मिले हैं तो देश के अलग अलग हिस्सों में हो रही घटनाएं भी बता रही हैं कि राजनीति इसी दिशा में बढ़ रही है। अगर राजनीति में सर्वोच्च स्तर से और सामूहिक रूप से इसे रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो यह खतरा बहुत जल्दी नासूर बन जाएगा।

राजस्थान के उदयपुर में एक हिंदू दर्जी की गला काट कर हत्या करने और उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया में डालने की घटना राजनीति की कट्टरपंथी दिशा बताने वाली एक प्रतिनिधि घटना है। तभी जब इस घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि वे तुरंत राष्ट्र को संबोधित करें और शांति की अपील करें तो वह एक स्वाभाविक और बहुत जरूरी मांग थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे बड़े और सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनकी बात लोग सुनते हैं और मानते भी हैं। वे इस तरह की घटनाओं के सामाजिक नुकसान से परिचित हैं। याद करें जब उन्होंने गौरक्षकों को आपराधिक तत्व बताया था, तब एक समूह को यह बात बुरी लगी थी लेकिन उसके बाद से गौरक्षा के नाम पर होने वाली हिंसा कम हो गई या बंद हो गई। हालांकि ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिक प्रतीकों का इस्तेमाल नहीं करते हैं। लेकिन उनको भी पता है कि उदयपुर की घटना भारत की राजनीति और समाज दोनों पर गहरा असर छोड़ने वाली है। इसलिए पहले ही उसके असर को समाप्त करने की पहल करनी होगी। जिस तरह से उन्होंने पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी से उपजे विवाद को शांत करने के लिए अपनी पार्टी के नेताओं पर कार्रवाई की थी उसी तरह का ठोस और त्वरित कदम उदयपुर की घटना के बाद भी उठाने की जरूरत है।

इसके साथ ही यह भी समझने की जरूरत है कि ऐसी घटना क्यों हुई है? यह मौजूदा भारतीय राजनीतिक विमर्श की अनिवार्य परिणति है। भारत की राजनीति से निर्देशित होकर समाज ऐसी दिशा में बढ़ रहा है, जहां इस तरह की घटनाएं अनिवार्य रूप से होंगी। एक तरफ इस्लाम की सर्वोच्चता के नाम पर दूसरे धर्मों के प्रतीकों के अपमान की घटनाएं हैं तो दूसरी ओर हिंदू राष्ट्र के निर्माण के आह्वान के साथ ही इस्लाम और दूसरे धर्मावलंबियों के प्रति हिकारत का भाव बढ़ रहा है। राष्ट्रवाद के नाम पर एक पूरे धार्मिक समुदाय को गद्दार साबित करने का अभियान चल रहा है। मध्यकाल में हुए कथित अत्याचार का बदला लेने के लिए आधुनिक समय में पहल की जा रही है। इन सबका अंत नतीजा बहुत सुखद नहीं होने वाला है। हो सकता है कि किसी दल को तात्कालिक राजनीतिक लाभ हो जाए लेकिन इस तरह की राजनीतिक और सामाजिक विमर्श की वजह से अंततः देश और समाज विखंडन की ओर बढ़ेगा।

अगर हाल की कुछ राजनीतिक घटनाओं पर नजर डालें तो समझ में आएगा कि कितनी तेजी से कट्टरपंथी ताकतें राजनीति में मजबूत हो रही हैं और उन्हें नहीं रोकना कितना घातक हो सकता है। एक मिसाल पंजाब की संगरूर सीट पर शिरोमणि अकाली दल अमृतसर के नेता सिमरनजीत सिंह मान की जीत है। मान घोषित रूप से अलगाववादियों का समर्थन करते रहे हैं। उन्होंने अपनी जीत के बाद कहा कि उनकी जीत संत जरनैल सिंह भिंडरावाले की शिक्षा का नतीजा है। भिंडरावाले ने धर्म के नाम पर अनगिनत हत्याएं कराईं और अलग खालिस्तान राष्ट्र का आंदोलन चला कर देश की एकता व अखंडता को खतरे में डाला था। उस भिंडरावाले के नाम की शपथ लेने वाले नेता का लोकसभा चुनाव जीतना मामूली बात नहीं है। पंजाब में अकाली दल के कमजोर होने की वजह से मान जैसे नेताओं को मौका मिला है कि वे एक बार फिर कट्टरपंथी और अलगाववादी राजनीति को राख से उठा कर जिंदा करें। कोई आठ साल पहले पंजाब की राजनीति में आम आदमी पार्टी के मजबूत होने और उसे दुनिया के दूसरे देशों के कट्टरपंथी सिख संगठनों की मदद मिलने से भी अलगाववादी राजनीति के विमर्श को फिर से उभरने का मौका मिला है।

इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर कट्टर हिंदुवादी राजनीति के बरक्स मुस्लिम कट्टरपंथी राजनीतिक दलों को ताकत मिलनी शुरू हुई है। एक तरफ कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां कमजोर हुई हैं और दूसरी ओर भारत की सेकुलर राजनीति का प्रतिनिधित्व करने वाले समाजवादी नेता या तो बूढ़े होकर रिटायर हुए हैं या उनका निधन हो गया है। इस वजह से मुस्लिम अवाम में अपने नेता की तलाश तेज हुई है। उसी तलाश का नतीजा असदुद्दीन ओवैसी हैं। दशकों तक सिर्फ एक हैदराबाद लोकसभा सीट की राजनीति तक सीमित रही पार्टी का फुटप्रिंट आज सारे देश में है। उसने महाराष्ट्र की औरंगाबाद लोकसभा सीट जीती है और बिहार जैसे राज्य में उसके पांच विधायक जीते हैं। महाराष्ट्र में भी उसकी पार्टी के दो विधायक हैं। किसी जमाने में कांग्रेस के नेताओं ने पंजाब में अकाली दल को काबू करने के लिए कट्टरपंथी और अलगाववादी ताकतों को मजबूत किया था, जिसका अंत नतीजा कितना भयावह हुआ था वह सबको पता है। उसी तरह आज विपक्ष को कमजोर करने या चुनाव हराने के लिए ओवैसी जैसे नेताओं को मजबूत किया जा रहा है। यह आग से खेलने जैसा है। चाहे संगरूर के सांसद सिमरनजीत सिंह मान हों या भोपाल की प्रज्ञा भारती हों या हैदराबाद के असदुद्दीन ओवैसी हों या उन्हीं की पार्टी के औरंगाबाद के सांसद इम्तियाज जलील हों, कट्टरपंथी राजनीति के ये प्रतिनिधि चेहरे गिनती में भले कम दिख रहे हैं लेकिन इनकी राजनीति अब मुख्यधारा की राजनीति बन रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नागरिकों ने जिन लोगों को देश की रहनुमाई के लिए चुना वे अपने स्वार्थ में कट्टरपंथी राजनीति को फलने-फूलने के लिए खाद-पानी मुहैया करा रहे हैं। ध्यान रहे सत्ता की राजनीति के लिए देश और समाज को दांव पर नहीं लगाया जाना चाहिए।

> न दुष्टुती मर्त्यो विन्दते वसु न स्रेधन्तं रयिर्नशत्।
> सुशक्तिरिन्मघवन्तुभ्यं मावते देष्णं यत्पार्ये दिवि।।
>
> ऋग्वेद ७-३२-२१
>
> ना तो हिंसा से जीवन का धन प्राप्त होता है और ना ही उत्तम कर्म करने वाले की प्रशंसा ना करके बल्कि दुष्ट की प्रशंसा करने से। हे परमपूज्य ईश्वर ! परहित के कार्य तुम्हें समर्पित करके, मुझ जैसा आराधक भी मुक्ति का आनंद प्राप्त कर सकता है।
>
> Neither by violence one can win the wealth of life, nor by obstructing the praise of noble deed doers instead the praise of wicked people. O benevolent Lord ! grant me the ability to work for the welfare of others with devotion to You, so that a devotee like me can enjoy Your bliss of salvation. (Rig Veda 7-32-21)

# युवती से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। युवती से दोस्ती करने व शादी करने को कहने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसको अपमानित करने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेन्ट रोड करनपुर निवासी युवती ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको एक लडका जिसका नाम विशाल पुत्र राकेश कुमार वर्मा निवासी प्रेमनगर श्यामपुर में रहता है। विशाल ने उससे दोस्ती की उसका आना जाना सुभारती कॉलेज में था वह कॉलेज में पढती थी। विशाल उसको रास्ते में ही मिलने आता था व उसको दोस्त बनाकर घुमाने भी ले जाता था फिर शादी के लिए बोला वह तैयार हो गयी। उसकी मां ने विशाल को अपनी जाति के बारे में बता दिया था। जिसके बाद विशाल ने उसको जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौच की तथा शादी से इंकार कर दिया। उसकी मां व बहन ने भी उसको फोन पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौच की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नशे के इंजेक्शन व कैप्सूलों के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन व कैप्सूलों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मीरा नगर तिराहे के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 140 नशे के इंजेक्शन बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश कुमार पुत्र बिशनलाल निवासी मीरा नगर आईडीपीएल बताया। वहीं डोईवाला कोतवाली पुलिस ने भानियावाला फ्लाईओवर के पास से एक युवक को नशे के 400 कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुर्सलीन पुत्र याकूब निवासी पथरी हरिद्वार बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## गांजे के साथ गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर थाना पुलिस ने सहस्त्रधारा हैलीपेड के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 600 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय नेगी पुत्र भरत नेगी निवासी लम्बगांव टिहरी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कार खाई में गिरी तीन घायल

देहरादून (संवाददाता)। कार के खाई में गिरने से तीन लोग घायल हो गये जिनको पुलिस ने केरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात्रि रायपुर थाना पुलिस को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि मालदेवता के पास एक कार खाई में गिर गयी है जिसमें दो या तीन लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मालदेवता व जोलियों के बीच एक कार 100 मीटर खाई में गिरी हुई थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे तीन लोगों को बाहर निकाला। घायलों के नाम अमित खत्री पुत्र महेन्द्र खत्री, सूरज पुत्र गम्भीर दोनों निवासी डाण्डा लखोण्ड आईटी पार्क व शादाब पुत्र रिजवान निवासी लंढौर थाना मंगलौर हरिद्वार बताया। पुलिस ने तीनों को केरोनेशन हस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उनकी हालात खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## बढ़ती जनसंख्या पर करें नियंत्रणः कुकरेती

देहरादून (संवाददाता)। दिशा समाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के प्रदीप कुकरेती ने जन समुदय से अपील करते हुए कहा कि बढती जनसंख्या पर नियंत्रण करें। आज यहां दिशा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के कार्यालय में विश्व जनसंख्या फगवाडा सप्ताह के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल और संचालन सुशील विरमानी ने किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्य आन्दोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने जन समुदय से अपील करते हुए कहा कि बढती जनसंख्या पर नियंत्रण करें तथा जनहित के कार्यो में रूचि लेने के साथ ही अधिक से अधिक पेड लगाये। संस्था के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया कि उन्होंने बूस्टर डोज मुफ्त लगाने की व्यवस्था करायी तथा संस्था ने दो माह पूर्व भी डोज फ्री लगाने की प्रशासन से मांग की थी जो अब जाकर पूरी हुई। इस अवसर पर विपुल नौटियाल, सतीश कुमार, नवनीत गुसांई, पंकज नेगी, प्रभात डंडरियाल, सुशील विरमानी, बृजमोहन आदि लोग उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन मकान से चोरी करती तीन महिलाएं गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से चोरी करते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंसल ग्रीन वैली निवासी प्रवीण भारद्वाज ने राजपुर थाना पुलिस को सूचना दी कि उनके निर्माणाधीन मकान से तीन महिलाएं लोहे के कटे सरिये चोरी करके ले जा रही थी जिनको उन्होंने आसपडोस के लोगों की मदद से पकड लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों महिलाओं को हिरासत में लेकर चोरी का सामान बरामद कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम पिंकी पत्नी राजू, अनिता पत्नी शंकर व सुनिता पत्नी सुनील सभी निवासी बिन्दाल बस्ती बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वृक्षारोपण को प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग जरूरीः नेगी

नगर संवाददाता



देहरादून। हिम फाउंडेशन द्वारा प्रदेश के शिक्षण संस्थानों के माध्यम से हरेला पर्व के दौरान वृहद स्तर पर पौधे लगाएं जायेगें। पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण एवम जन जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिम फाउंडेशन द्वारा हरेला पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके अंतर्गत पौधा लगाएं पर्यावरण बचाए कार्यक्रम द्वारा वृक्षारोपण एवम जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण हो सके साथ ही पौधारोपण के प्रति लोग प्रेरित हों। जिससे स्वस्थ जीवन की कल्पना साकार हो सके । इस अवसर पर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता जरूरी है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। आज विकास के नाम पर पेडों की अंधाधुंध कटान से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है और हिमालय को क्षति पहुंच रही है और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और आपदाएं आ रही है।

### ❑हरेला पखवाड़ा मनाएगी हिम फाउंडेशन

उन्होने कहा कि ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि वृक्षारोपण के प्रति जन जागरूकता एवम जन सहभागिता जरूरी है और अधिक संख्या में पौधरोपण किया जाए। जन सरोकारों से जुड़े महेश जोशी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा को पहाड़ की महिलाओ ने कई आंदोलन किए और वनों को बचाया। जिसमें गौरा देवी, चंडी प्रसाद भट्ट, कल्याण सिंह रावत के पर्यावरण संरक्षण के प्रति योगदान को विश्व भर में सराहा गया । इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोक सिंह सजवान,महेश जोशी,पूर्व पार्षद ललित भद्री, बीर सिंह पंवार,हिम फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय बहुगुना,संजय बहुगुणा, करण सिंह नेगी,गणेश जुयाल आदि उपस्थित थे ।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने चन्द्रभागा के पास दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए।

पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 75 पव्वे शराब के बरामद कर लिये।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अनिल यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी शिवाजी नगर व राहुल साहनी पुत्र राजेन्द्र साहनी निवासी चन्द्रेश्वर नगर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चोरी की तीन एक्टिवा के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता




देहरादून। पुलिस ने चोरी की तीन एक्टिवा के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकरा निवासी प्रमोद ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गुचुपानी घुमने के लिए गया था जहां से उसकी एक्टिवा चोरी हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने डाकरा चौक के पास से चैकिंग के दौरान एक एक्टिवा सवार को रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। वाहन के कागजात मांगने पर वह कागजात नहीं दिखा सका। सख्ती से पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह एक्टिवा बसंत विहार क्षेत्र से चोरी की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कैण्ट तेलपुर चौक के पास से चोरी की गयी दो अन्य एक्टिवा हरबंसवाला चाय बागान से बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम आजम मलिक पुत्र मुस्तकीम निवासी घिसरपडी बसंत विहार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लाखों की स्मैक सहित बरेली के दो तस्कर दबोचे

हमारे संवाददाता



नैनीताल। बरेली से तस्करी कर हल्द्वानी लाई जा रही लाखों की स्मैक सहित पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से टीम ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली लालकुंआ पुलिस व एसओजी टीम को सूचना मिली कि बरेली से कुछ तस्कर हल्द्वानी में नशे की बड़ी खेप सहित आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान टीम को चौकी हल्दुचौड़ गेट पर लालकुआँ से हल्द्वानी की ओर बिना नम्बर की संदिग्ध काली पल्सर दो व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। टीम द्वारा जब उन्हे रोककर तलाशी ली गयी तो उनके पास से 228 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम जितेन्द्र सिंह पुत्र राजवीर सिहं निवासी ग्राम पहाडपुर थाना शेरगढ जिला बरेली व सोमपाल पुत्र बुलाकी राम निवासी मोहल्ला गांधी नगर बरेली बताया। बताया कि उनके द्वारा पैसे की तंगी के चलते अपनी आर्थिक स्थिति सही करने और पैसों के लालच में आकर ओम सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पहाडपुर नाम के व्यक्ति से स्मैक लेकर हल्द्वानी आ रहे थे।

पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# बोल्ड सीन्स को लेकर माहिरा शर्मा ने दे डाला बड़ा बयान

माहिरा शर्मा आज के वक्त की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियां में शुमार हैं। बिग बॉस 13 के बाद से ही माहिरा शर्मा एक के बाद एक प्रोजेक्ट में व्यस्त चल रही हैं। प्रशंसक भी इनके काम को बहुत पसंद करते हैं। माहिरा शर्मा तीन अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम कर रही हैं, उनके इस जज्बे को देखकर प्रशंसक इंप्रेस दिखाई देते हैं। इन प्रोजेक्ट्स के बाद माहिरा शर्मा की क्या योजना है? इस सवाल पर माहिरा ने प्रतिक्रिया दी है।

माहिरा शर्मा ने कहा, मैंने टेलीविजन पर काम किया है, फिल्म, रियलिटी शो और अब वेब सीरीज कर रही हूं। सच कहूं तो मैंने वह सबकुछ कर लिया है जो मेरी बकेट लिस्ट में शुमार था, बस बचा है तो दक्षिण भारतीय फिल्म करना, जिसके बारे में मैं योजना बना रही हूं। क्या वेब सीरीज में बोल्ड सीन करने को लेकर आप सहज महसूस करती हैं? इस प्रश्न पर माहिरा शर्मा ने कहा, मैं बोल्ड सीन्स करने को लेकर सहज नहीं हूं। मुझे लगता है कि मैं जो काम कर रही हूं, वह मैं अपने परिवार के साथ बैठकर आराम से देख सकूं। मैं स्वयं बोल्ड सीन्स करने को लेकर सहज महसूस नहीं करती हूं। मैं उन्हीं प्रोजेक्ट्स को करना चुनती हूं, जिनमें इस प्रकार के बोल्ड सीन्स न हों। मेरी भूमिका अच्छी रहे।

हाल ही में माहिरा शर्मा अपने बढ़े हुए वजन को लेकर खबरों में आई थीं। एक मीडिया कर्मी ने उनसे बढ़े हुए वजन को लेकर प्रश्न किया था, जिसपर माहिरा शर्मा जमकर भड़क गई थीं। इंटरव्यू के चलते रिपोर्टर ने पंजाबी में सवाल किया कि लोग स्टार्स को किसी भी तरीके से जीने नहीं देते, कभी लोग बोलते हैं कि अधिक पतले हो गए, कभी लोग बोलते हैं कि अधिक मोटे हो गए। इनके साथ भी यही हो रहा है, मेरे साथ हैं माहिरा शर्मा।

रिपोर्टर माहिरा से आगे प्रश्न करने ही वाला था, मगर उससे पहले ही रिपोर्टर की बात पर माहिरा गुस्से से भड़क गई। माहिरा ने गुस्से से कहा- मुझे यह चे श्वन पसंद नहीं आया। आगे माहिरा बोलती हैं कि यह अच्छा सवाल नहीं है तथा यह बोलते हुए माहिरा गुस्से से वॉक आउट कर लेती हैं। माहिरा शर्मा के इस इंटरव्यू की क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर वायरल हुई थी।(आरएनएस)

# दिवाली पर आएगी अक्षय कुमार की रामसेतु, रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार की फिल्म रामसेतु को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ समय पहले खबर आई थी कि इस फिल्म को थिएटर में रिलीज न करके ओटीटी पर ही रिलीज किया जाएगा। चर्चा थी कि अक्षय की बीती दो फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के कारण यह फैसला किया गया है। हालांकि, निर्माताओं ने इसे लेकर अफवाहों पर विराम लगा दिया है और फिल्म की रिलीज को लेकर घोषणा कर दी है।

फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि अफवाहों के विपरीत फिल्म थिएटर में रिलीज की जाएगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अक्षय की यह फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म 24 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिषेक शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय एक आर्कियॉलॉजिस्ट की भूमिका निभा रहे हैं जो यह जानने निकला है कि रामसेतु वास्तव में है या एक मिथक है।

ए ए फिल्म्स की इस फिल्म का निर्देशन और लेखन अभिषेक शर्मा ने किया है। अक्षय के साथ फिल्म में अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस और नुसरत भरुचा नजर आएंगी। इस ऐक्शन ऐडवेंचर ड्रामा का प्लॉट भारत से श्रीलंका के बीच रामसेतु के ईर्द-गिर्द है। फिल्म में अक्षय का किरदार इस पुल के रहस्यों को ढूंढने निकला है। इससे पहले फिल्म का एक पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें अक्षय और जैकलिन एक अंधेरी जगह में कुछ ढूंढते नजर आए थे।

बता दें कि अक्षय की पिछली फिल्म सम्राट पृथ्वीराज बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। दो हफ्तों में फिल्म करीब 66 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर पाई। इस साल मार्च में आई उनकी फिल्म बच्चन पांडे का भी यही हाल रहा। ऐसे में चर्चा थी कि मेकर्स इस फिल्म को थिएटर्स में रिलीज करने से बचना चाह रहे हैं। हाल ही में अक्षय की फिल्म रक्षाबंधन की भी रिलीज डेट जारी की गई है। यह फिल्म 11 अगस्त को आएगी।

अमेजन प्राइम वीडियो इस फिल्म के सह-निर्माताओं में से एक है। इस फिल्म के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम थिएटर की दुनिया में कदम रख रहा है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# वजन को तेजी से बढ़ाने में मदद कर सकते हैं प्रोटीन शेक



जैसे कई लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। वैसे ही कई लोग ऐसे हैं, जो बहुत ज्यादा पतले होने की समस्या से परेशान हैं और मोटा होने के उपाय तलाश रहे हैं। खासकर, युवाओं के लिए यह एक चिंता का विषय है क्योंकि सामान्य से कम वजन होना भी स्वास्थ्य के लिए उतना ही बुरा होता है, जितना मोटापा। आइए आज हम आपको ऐसे प्रोटीन शेक की रेसिपी बताते हैं, जो तेजी से वजन बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं।

चॉकलेट और पीनट बटर वाला प्रोटीन शेक

कोको पाउडर और पीनट बटर से बना प्रोटीन शेक कार्ब्स, प्रोटीन और फाइबर जैसे पोषक तत्वों से युक्त होता है, इसलिए इसका सेवन आसानी से वजन बढ़ाने में मदद कर सकता है। प्रोटीन शेक बनाने के लिए सबसे पहले चॉकलेट प्रोटीन पाउडर, पीनट बटर, फ्रोजन केले, बादाम का दूध और बिना मीठे का कोको पाउडर ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को एक गिलास में डालें और ठंडा-ठंडा परोसें।

रसभरी और चुकंदर का प्रोटीन शेक

यह प्रोटीन शेक स्वाद में मीठा और मिट्टी जैसा होता है और इसका सेवन वजन को बढ़ाने में सहायक साबित हो सकता है। इसका मुख्य कारण है कि यह आयरन और आवश्यक विटाम्सि समेत कई तरह के खनिज से भी भरपूर होता है। प्रोटीन शेक बनाने के लिए बादाम का दूध, तीन-चौथाई कप नारियल पानी, फ्रोजन रसभरी, अलसी और चुकंदर को एकसाथ ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को गिलास में डालकर परोसें।

अनानास और खजूर का प्रोटीन शेक

अगर आप दुबलेपन से परेशान है तो अपनी डाइट में अनानास और खजूर का प्रोटीन शेक जरूरी शामिल करें क्योंकि यह भी वजन को तेजी से बढ़ाने में सहायता प्रदान कर सकता हैय् प्रोटीन शेक बनाने के लिए ग्रीक योगर्ट, फ्रोजन अनानास, काजू, नारियल पानी, फ्रोजन आम और सूखे खजूर को एक साथ ब्लेंड कर दें, फिर इस मिश्रण को एक गिलास में डालें और उसके बाद चिया सीड्स गार्निश करें। इसके बाद इस प्रोटीन शेक का आनंद लें।

ब्लूबेरी, केला और क्विनोआ का प्रोटीन शेक

यह उच्च कैलोरी प्रोटीन शेक स्वादिष्ट होने के साथ ही एंटी-ऑक्सिडेंट, प्रोटीन, साबुत अनाज और फाइबर जैसे पोषक तत्वों से युक्त होता है। वहीं, इसका सेवन आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करवा सकता है। इसे बनाने के लिए केला, क्विनोआ, दही, शहद, व्हीट जर्म, चिया सीड्स, बादाम का दूध और फ्रोजन ब्लूबेरी को एकसाथ ब्लेंड करें, फिर इस प्रोटीन शेक को गिलास में डालकर इसका सेवन करें।

# शाहिद और विद्या के बाद कोरियोग्राफर रूपल त्यागी के रडार पर कार्तिक आर्यन

टीवी शो 'सपने सुहाने लड़कपन के' में गुंजन की मुख्य भूमिका निभा चुकीं अभिनेत्री रूपल त्यागी ने खुलासा किया है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन को कोरियोग्राफ करना पसंद करेंगी।

रूपल, जो बॉलीवुड में एक सहायक कोरियोग्राफर के रूप में भी काम करती हैं, कहती हैं, मैं बहुत भाग्यशाली थी कि मुझे फिल्म 'भूल भुलैया' के गाने 'मेरे ढोलना' में पोनी वर्मा (बॉलीवुड कोरियोग्राफर) की सहायता करने का मौका मिला।

इसके अलावा, शाहिद कपूर और विद्या बालन जैसे कई लोकप्रिय सितारों को कोरियोग्राफ करने का अवसर मिलने के बाद, अब मैं कार्तिक आर्यन के साथ काम करना पसंद करूंगी। मैं वर्षों पहले ('भूल भुलैया 2' में) उसी गाने पर उनके प्रदर्शन से उनका दिल जीतते हुए देखने के बाद और अधिक उत्सुक हूं।

अपनी आगामी अभिनय परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए, 'बिग बॉस 9' की अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं अब और अधिक परिपच्‍ किरदार निभाने की उम्मीद कर रही हूं .. ऐसे चरित्र जो अधिक बारीक और स्तरित हैं।

वास्तव में, मैं पहले से ही बातचीत कर रही हूं कुछ ऐसा ही है, लेकिन मैं अभी ज्यादा कुछ नहीं बता सकती। लेकिन अगर ऐसा होता है, तो यह बहुत ही मजेदार और दिलचस्प होगा।

रूपल फिलहाल वेब सीरीज 'बीवी एंड मी' का हिस्सा हैं।

## शब्द सामर्थ्य -92


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## ऋतिक रोशन ने आर माधवन की फिल्म 'राकेट्री' को सराहा, पोस्ट शेयर कर कही ये बात

फिल्म अभिनेता आर माधवन की हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट' इन दिनों काफी चर्चा में है। हर कोई इस फिल्म की जमकर तारीफ कर रहा है। इस कड़ी में एक नाम सुपरस्टार ऋतिक रोशन का भी जुड़ गया है। ऋतिक का एक ट्वीट सामने आया है, जिसमें उन्होने 'रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट' की जमकर तारीफ की है। ऋतिक रोशन ने लिखा , सरॉकेट्रीदनांबीइफेक्ट के शानदार वर्ड-ऑफ-माउथ ने मुझे फोमो (फियर ऑफ मिसिंग आउट) के साथ छोड़ दिया है! मेरे दोस्त के लिए बहुत खुश अभिनेतामाधवन, जिसने इसे अपना दिल और आत्मा दे दी। डेब्यू निर्देशन के लिए मैडी और रॉकेट्री की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई । इसे थिएटर में देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता! ऋतिक रोशन का ये ट्वीट सामने आने के बाद काफी तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों का कहना है कि ये काफी अच्छा काम है। हालांकि ऋतिक रोशन के इस ट्वीट के बाद आर माधवन की तरफ से अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि आर माधवन की फिल्म 'राकेट्री' रॉकेट साइंटिस्ट नंबी नारायणन के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म का लेखन, निर्माण और निर्देशन आर माधवन ने ही किया है। मई माह में इस फिल्म का प्रीमियर कांस फिल्म फेस्टिवल में भी किया था, जिसके बाद से यह फिल्म और भी ज्यादा चर्चा में आ गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस फिल्म की तारीफ की थी।

## कैटरीना, ईशान, सिद्धांत अभिनीत फोन भूत 7 अक्टूबर को रिलीज होगी

एडवेंचर कॉमेडी फिल्म फोन भूत जिसमें कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं, ने इसकी रिलीज की तारीख 7 अक्टूबर निर्धारित की है। यह फिल्म हॉरर के साथ कॉमेडी पर आधारित है और गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित है, जो बेहद लोकप्रिय वेबसीरीज मिर्जापुर में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। आधिकारिक पोस्टर को साझा करते हुए, कैटरीना कैफ ने इसे हैशटैग-फोनभूत की दुनिया में आपका स्वागत है। 7 अक्टूबर, 2022 को आपके पास के सिनेमाघरों में आ रहा। पोस्टर में, कैटरीना, सिद्धांत और ईशान को मैचिंग आउटफिट में देखा जा सकता है। पोस्टर में जैकी श्रॉफ भी ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर एक टेक्स्ट लिखा है, एक भयावह कॉमेडी। इससे पहले, निर्माताओं ने एक विचित्र वीडियो साझा किया था, जिसने फिल्म के लोगो रिलीज के लिए टोन सेट किया था। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म की स्क्रिप्ट रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखी है।

## रेड जाइंट मूवीज ने विक्रम-स्टारर कोबरा के तमिलनाडु वितरण अधिकार हासिल किए

अभिनेता और राजनीतिज्ञ उदयनिधि स्टालिन की रेड जाइंट मूवीज ने निर्देशक अजय ज्ञानमुथु की उत्सुकता से प्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर कोबरा के तमिलनाडु वितरण अधिकार हासिल कर लिए हैं, जिसमें अभिनेता विक्रम मुख्य भूमिका में हैं। अपने ट्विटर हैंडल पर घोषणा करते हुए, रेड जाइंट मूवीज ने कहा, यह घोषणा करते हुए रोमांचित हूं कि रेड जाइंट मूवीज ने चियान विक्रम की कोबरा के लिए तमिलनाडु नाटकीय वितरण अधिकार हासिल कर लिया है। कोबरा 11 अगस्त से। फिल्म कोबरा, जिसे फिल्म में करीब तीन साल लगे, ने दर्शकों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा की है क्योंकि यह पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान के अभिनय की शुरूआत करेगा, जो फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। विक्रम एक शानदार गणितज्ञ की भूमिका निभाता है, जो फिल्म में अपराधों को सुलझाने के लिए संख्याओं का उपयोग करता है, जिसमें श्रीनिधि शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में हरीश कन्नन द्वारा छायांकन और ए आर रहमान द्वारा संगीत दिया गया है।

## लॉकअप फेम अंजलि अरोड़ा ने तोड़ डाला मुनव्वर फारुखी का रिकॉर्ड !!

लॉकअप फेम एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की फैन फॉलोइंग दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। अंजलि अरोड़ा ने हाल ही में टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर के पहले ओटीटी रियलिटी शो लॉक अप में हिस्सा लिया था। जहां, वो अपने गेम शो की वजह से लोगों का ध्यान खींचने में सफल रही। कंगना रनौत और एकता कपूर के इस ओटीटी रियलिटी शो में अंजलि अरोड़ा की दोस्ती शो के विनर और स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुखी से भी खूब रही। जिसकी चर्चा उस वक्त जमकर हुई थी। अब शो के बाद मुनव्वर फारुखी अपनी निजी जिंदगी में व्यस्त हैं तो अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर अपने फैंस के बीच खासा चर्चा में है। हाल ही में अदाकारा अंजलि अरोड़ा ने मुनव्वर फारुखी को पीछे छोड़ एक दिलचस्प रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, कुछ ही वक्त पहले अदाकारा अंजलि अरोड़ा इंस्टाग्राम पर लाइव आई थीं। जहां कुछ ही मिनटों में अदाकारा को इंस्टालाइव पर 261 के व्यूज हासिल हुए। इसी के साथ एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा को अभी तक के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले सेलिब्रिटी का खिताब मिल गया है। दिलचस्प बात ये है कि इस मामले में अंजलि अरोड़ा ने अपने दोस्त मुनव्वर फारुखी को भी पीछे छोड़ दिया है। (आरएनएस)

# मीत के लिए आशी सिंह ने लिया नया अवतार



मीत की अभिनेत्री आशी सिंह ने शो में छह महीने का लीप लेने और आशी द्वारा निभाए गए मंजरी नाम के एक नए किरदार की शुरुआत के बारे में बात की। आशी सिंह ने कहा है, सीरियल मीत के आगामी एपिसोड दर्शकों के लिए वास्तव में रोमांचक होने जा रहे हैं, क्योंकि यह शो 6 महीने का लीप लेने जा रहा है और नाटक निश्चित रूप से सभी को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। वास्तव में, लीप के बाद मैं मंजरी के रूप में एक नए नए अवतार में दिखूंगी, जो मीत हुड्डा से बिल्कुल अलग है।

मंजरी एक गुजराती लड़की है जो बिल्कुल मीत हुड्डा की तरह दिखती है, वह अपनी विशेषताओं के मामले में काफी विपरीत है। वह एक गरबा नर्तकी है जो अपनी दादी के साथ रहती है और किसी भी धुन पर तैयार होना और नृत्य करना पसंद करती है।

आशी आगे कहती हैं, उनके द्वारा साझा किया जाने वाला एकमात्र सामान्य तत्व उनका चेहरा है। उनकी विशेषताएं पूरी तरह से अलग हैं। यह मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है, क्योंकि नया चरित्र न केवल मुझे एक नई चुनौती देता है बल्कि मंजरी का किरदार भी देता है।

एक व्यक्ति के रूप में भी मेरे लिए बहुत भरोसेमंद है। अपने ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन व्यक्तित्व के बारे में अभिनेत्री कहती हैं, उनकी तरह, मुझे भी नृत्य और ड्रेसिंग पसंद है। मुझे सच में विश्वास है कि लीप, शो में मेरे चरित्र का परिचय और इसके बाद आने वाली कॉमेडी होगी। निश्चित रूप से एक और सभी का मनोरंजन करें।

मीत जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# विक्रम भट्ट की फ़िल्म जुदा होके भी की कहानी रामायण से है प्रेरित!

बॉलीवुड में रामायण से प्रेरित होकर बहुत सारी कहानियों पर ब्लॉकबस्टर फिल्में बनी हैं। अब सूत्रों से पता चला है कि विक्रम भट्ट और महेश भट्ट की बहुप्रतीक्षित साइक्लोजिकल थ्रिलर फिल्म जुदा होके भी रामायण से इंस्पायर्ड है। 15 जुलाई, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार इस फिल्म में रोमांस, रहस्य और हॉरर का अनूठा मिश्रण है। फ़िल्म यह सवाल भी उठाती है कि क्या हमारे वर्तमान समय में राम हो सकते हैं?

आपको याद दिला दें कि रामायण काल में अगर हम सबसे बड़ी घटना का ज़िक्र करें, तो वह भगवान राम और रावण के बीच हुई लड़ाई थी। और इस युद्ध के होने का मुख्य कारण था सीता का रावण के द्वारा हरण कर लेना मतलब सीता हरण। फ़िल्म जुदा होके भी में आधुनिक समय की सीता की भूमिका अभिनेत्री ऐंद्रिता रे ने निभाई है, जिसका चरित्र बुरी ताकतों द्वारा बंधक बना लिया जाता है और उसकी शुद्धता खतरे में पड़ जाती है।

फिल्म में उनके पति, अक्षय ओबेरॉय, भगवान राम के ईमानदारी वाले गुणों को आत्मसात करते हुए अपनी प्यारी पत्नी की खोज में निकलते हैं। लेकिन क्या वह अपनी पत्नी को स्वीकार करेगा जिसका जीवन अब दागदार हो गया है? क्या वे फिर से मिलते हैं और बाधाओं को दूर करते हैं? रामायण की थीम पर आधारित यह फिल्म दर्शकों के लिए एक बेहतर विकल्प है। उल्लेखनीय है कि 2002 की भट्ट कैम्प की कल्ट क्लासिक राज महाभारत के सत्यवान और सावित्री की कहानी से प्रेरित थी, और अब जुदा होके भी की कहानी राम और सीता की सदियों पुरानी कथा से प्रेरणा लेती है। जुदा होके भी, के सेरा सेरा और विक्रम भट्ट वर्चुअल वर्ल्ड द्वारा निर्मित, भारत की पहली फिल्म है जिसे पूरी तरह से वर्चुअल प्रोडक्शन में शूट किया गया है। इसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है और महेश भट्ट ने लिखा है। प्रमुख भूमिकाओं में अक्षय ओबेरॉय, ऐंद्रिता रे और मेहरजान मज्दा के अलावा, फिल्म में रुशद राणा, पुनीत तेजवानी और जिया मुस्तफा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पुनीत दीक्षित ने संगीत दिया है और यह उनकी पहली फिल्म है।(आरएनएस)

# डी3 एक दिन में होने वाली घटनाओं पर आधारित है



निर्देशक बालाजी की आगामी थ्रिलर डी3, जिसमें अभिनेता प्राजिन और विद्या प्रदीप मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसको लेकर कहा जा रहा है कि ये सीरीज एक दिन की घटनाओं के पर आधारित है। अपनी फिल्म का विवरण देते हुए बालाजी कहते हैं, मैंने एक वास्तविक घटना के आधार पर कहानी बनाई है जिसके बारे में मुझे पता चला और जिसके बारे में जनता को जानकारी नहीं है। यह तत्व शुरू से अंत तक पटकथा को रसीले बनाए रखेगा।

डी3 की शूटिंग के अनुभव के बारे में निर्देशक कहते हैं, हमने प्रकृति की गंभीर चुनौतियों के बावजूद फिल्म की शूटिंग की है। हमने कुट्टरालम में गैर-बरसात के मौसम में फिल्म की शूटिंग शुरू की। शूटिंग के दिनों में भारी बारिश हुई थी। हमें इस चुनौती को पार करते हुए फिल्मांकन पूरा करना था। जब हमने 60 प्रतिशत शूटिंग पूरी कर ली थी, तब कोविड-19 ने दुनिया में धूम मचा दी थी और एक 30 वर्षीय अभिनेता, जिसने फिल्म में प्रमुख भूमिका निभाई थी, का कोरोना के कारण निधन हो गया। इसके कारण, हमें करना पड़ा दूसरे अभिनेता के साथ अपने पूरे हिस्से को फिर से शूट करें।

इसी तरह, हमने चेन्नई के एक प्रसिद्ध अस्पताल में कुछ दृश्यों को शूट करने की योजना बनाई थी। उस जगह को किराए पर लेने की लागत प्रति दिन 2.5 लाख रुपये थी। शूटिंग की सुबह, हमने सभी व्यवस्थाएं की थीं जब हमें निराशाजनक खबर मिली थी। उस अभिनेता वर्गीज मैथ्यू, जो हैदराबाद से चेन्नई हवाई अड्डे पर उतरे थे, ने कोविड -19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था। हमारे पास शूटिंग रद्द करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। डी3 के फिल्मांकन के दौरान हमें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

मनोज ऑफ बमास एंटरटेनमेंट के मनोज और जैकेएम प्रोडक्शंस के सैमुअल गोडसन ने संयुक्त रूप से फिल्म डी3 का निर्माण किया है, जिसका शीर्षक लुक फिल्म निर्माता वेंकट प्रभु ने हाल ही में खुलासा किया था।(आरएनएस)

# बिना सभ्य हुए ज्ञानी!

हरिशंकर व्यास

कैसे हो मनुष्य सभ्य? जबकि मनुष्य और समाज के बिना सभ्य और सुसंस्कृत हुए पृथ्वी की समस्याओं का समाधान संभव ही नहीं है। ज्पर यह काम हो कैसे? सभ्यता के इतिहास में कभी भी, किसी भी स्तर पर मनुष्य को सभ्य बनाने की वैज्ञानिक, तर्कसंगत कोशिश नहीं हुई। सत्य अनुसंधान के वैज्ञानिक तरीकों से समाज और उसके विकास का रास्ता नहीं बनाया गया। मनुष्य जीवन और समाज दोनों का धार्मिक और राजनीतिक टेकओवर इस कदर था कि सभ्य मनुष्य निर्माण में ज्ञान-विज्ञान और तार्किकता का हस्तक्षेप संभव ही नहीं हुआ।

प्रलय का मुहाना -33ॅ बिना सभ्य हुए ज्ञानी! मनुष्य खोपड़ी में ज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) क्रांति हुई। ज्ञानोदय (एन्लाइटेंमेन्ट) हुआ। इनसे ज्ञान-विज्ञान और प्रगति संभव हुई। बावजूद इस सबके मनुष्य दिमाग में समझदारी (विजडम) की बत्ती नहीं जली। मनुष्य सभ्य नहीं हुआ। पिछले तीन सौ वर्षों में मनुष्य जिज्ञासा ने प्रकृति के कई अभेद सत्य जाने लेकिन खुद का सत्य नहीं जाना! अपने और अपने समाज जीवन के आदिम स्वभाव को नहीं बदला। विज्ञान-तकनीक की बदौलत आस्मां फाड़ विकास हुआ लेकिन मनुष्य को सभ्य बनाने का विज्ञान नहीं बना। वह पशुगत प्रवृत्तियों और जैविक भिन्नताओं से मुक्त नहीं हुआ। मनुष्य दिमाग चेतन, रेशनल नहीं हुआ। विज्ञान ने मनुष्य का नॉलेज, उसकी क्षमताएं, उसकी ताकत व उपभोग को बढ़ाया लेकिन स्वभाव की आदिमताओं के साथ। ज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) क्रांति से पहिए की खोज बैलगाड़ी-मोटरगाड़ी-हवाईजहाज में रूपांतरित हुई और अब स्पेसक्राफ्ट का मुकाम है मगर मनुष्य का दिल-दिमाग आदिम गुफाई जीवन की भूख, भय और हिंसा की प्रवृत्तियों में जस का तस जकड़ा हुआ है। अंधविश्वासों, कल्पनाओं, मिथकों और अज्ञानताओं में अटका हुआ। दिमाग न विवेक, रैशनालिटी, तर्कसंगतता की प्रोसेसिंग को अपना पाया और न स्वभाव में वह समझदार और सभ्य हुआ।

### नॉलेज बनाम विजडम

तभी पहेली है कि नॉलेज, जानकारी, ज्ञान-विज्ञान की परम प्राप्तियों के बावजूद मनुष्य का वैयक्तिक, सामाजिक जीवन कैसे समझदारी में सूखा और जड़ बना हुआ है। है। मानों नॉलेज और विजडम में नाता नहीं हो! तभी विज्ञान-तकनीक के विकास को मनुष्य जितना भोगता है उससे अधिक उसका दुरूपयोग करता है। वह सभ्य होने के बजाय जंगली, जिहादी और कट्टर हुआ। दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल ने सत्तर साल पहले लिखा था कि 'संदेह नहीं कि हमारे वक्त में नॉलेज विस्तार पिछले सभी युगों को मात देते हुए है लेकिन इसके अनुपात में विजडम बढ़ता हुआ नहीं हैॅ विजडम का अर्थ है मुक्ति, तमाम तरह के उत्पीडनों (ह्ल4ह्र-ड्डठ्ठ4) से'।

असल में तमाम तरह की जहालतों, काहिली, अंधविश्वासों, मूर्खताओं से दिमाग की मुक्ति तभी संभव है जब लोगों के निजी जीवन में सही-गलत को बूझने की प्रवृत्ति बने। दिमाग रेशनल हो। ज्ञान-जानकारी को व्यापक दृष्टि में, जिंदगी के मायनों में दिमाग समझता-बूझता हो।

सभ्य और समझदार होना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हिसाब से प्रगति और गतिविधियों के बढ़ते नॉलेज से मनुष्य जीवन में समझदारी बढ़नी चाहिए थी। होमो सेपियन जब खानबदोश जिंदगी याकि सीमित दायरे की जिंदगी जी रहा था तो नॉलेज और विजडम दोनों का मामूली होना स्वाभाविक था। लेकिन सभ्यता निर्माण के बाद स्थितियां बदलीं। मनुष्य की गतिविधियों और नॉलेज का विस्तार हुआ। दार्शनिकों, विचारकों, समाजशास्त्रियों ने जो सोचा और जो आइडिया दिए उनकी प्राथमिकता में मनुष्य जीवन था। पिछले पांच-छह सौ सालों में पुनर्जागरण, ज्ञानोदय (एन्लाइटेंमेन्ट) और देवर्षि वैज्ञानिकों की खोजों और ज्ञानात्मक क्रांतियों ने नॉलेज की वह जमीन बनाई, जिससे बहुतों को लगा था कि मनुष्य दिमाग का परिष्कार होना अब सुनिश्चित। लेकिन उलटा हुआ। ज्ञान की हर क्रांति मनुष्य के शोषण को, अमानवीय जीवन को तथा दिमाग की आदिम प्रवृत्तियों को बढ़ाने वाली साबित हुई। इसलिए क्योंकि कुल मिलाकर मनुष्य खोपड़ी आदिम मनोवृत्तियों में धड़कती हुई है।

होमो सेपियन के सभ्य और ज्ञानी होने का कोई कितना ही हिसाब लगाए असलियत है कि बीसवीं सदी में मनुष्य दिल-दिमाग में जैसे बेरहम ख्याल पैदा हुए है, जैसा जो नरसंहार हुआ और तानाशाहियों में जो प्रयोग हुए है उसका निचोड़ है कि ज्ञान-विज्ञान की प्रगति भले आस्मां फाड़ हो मगर मनुष्य उत्तरोत्तर दिमागी तौर पर असमान और असभ्य होता हुआ है। बहुत कम अनुपात में, मामूली संख्या में वे लोग हैं, जो सभ्य दिमाग से सभ्यता के विकास का अपूर्व संतोषी जीवन जीते हुए हैं। अन्यथा बीसवीं सदी में मनुष्य के जंगली, बर्बर, असभ्य, नासमझ होने के जितने प्रमाण हैं वैसे सभ्यता के पूरे पांच हजार वर्षों में पहले कभी नहीं हुए।

कई मायनों में नॉलेज की सुनामी ने मनुष्य को भस्मासुर बनाया है। पुनर्जागरण और ज्ञानोदय याकि एन्लाइटमेन्ट के बाद कहने को कई विचारकों जैसे वोल्टेयर, दीदरो, कोंडोरसेट आदि ने वैज्ञानिक प्रगति के साथ सामाजिक प्रगति, मनुष्य दिमाग को ज्ञान की ओर प्रेरित करने के आइडिया दिए। अंधविश्वासों, तानाशाही, अन्याय, असहिष्णुता को दिमाग से निकलवाने की कोशिश की। उदारता, खुलेपन, तर्क और बुद्धि पर जोर देते हुए व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तर्कसंगतता को बढ़ाने के उपाय सुझाए। सर्वाधिक अहम सुझाव यह था कि लोगों का ज्ञानोदय तब संभव है जब नेचुरल साइंस की तरह सोशल साइंस का विकास हो। फ्रांसिस बेकन का आग्रह था कि सामाजिक प्रगति के लिए प्राकृतिक दुनिया के ज्ञान में सुधार पर काम हो।

### समाजशास्त्र में विज्ञान

जटिल आइडिया है। मोटा-मोटी सुझाव यह कि मनुष्य को सभ्य बना कर सभ्य दुनिया बनानी है तो सामाजिक प्रगति और उनके विषयों को विज्ञान के तौर-तरीके अपनाने चाहिए। सामाजिक विषयों में भी लक्ष्य-केंद्रित मिशन में काम हो। समाज कैसे विकसित हुआ, इसके ज्ञान के बजाय समाज कैसे प्रगति करे, इसका वैज्ञानिक मिशन बने। समाज विज्ञान में पढ़ने-पढ़ाने-समझाने में 'वैज्ञानिक तर्कसंगतता' को बढ़वाया जाए। अकादमिक दुनिया न केवल नॉलेज, ज्ञान की खोज को प्राथमिकता बनाए, बल्कि वह सभ्यता और मनुष्यों में विजडम बढ़ाने पर फोकस करे। जिंदगी की समस्याओं में तर्कसंगतता से नॉलेज का कामनसेंस भाव दिमाग में उतरे। यह जरूरी इसलिए है क्योंकि ज्ञान-विज्ञान ने मनुष्य की शक्तियों को बेइंतहां बढ़ाया है। इससे मानवता को नष्ट करने की शक्तियां अभूतपूर्व और भयानक हैं। तभी मनुष्यों को समझदार और सभ्य बनाना वैश्विक ज्ञान की प्राथमिक आवश्यकता है।

पर क्या ऐसी सोच कही दिखती है? हर व्यक्ति, हर समाज अपने को सभ्य-समझदार ही नहीं मानता, बल्कि विश्व गुरू के बोध से लेकर अपने जैसे ही बाकी दुनिया को बना देने का जंगलीपना भी लिए हुए है। इस प्रवृत्ति के आगे विज्ञान की भौतिक उपलब्धियां, कथित बुद्धिमान दुनिया और नॉलेज की सुनामी बेमतलब है।

ज्ञान-विज्ञान, भौतिक प्रगति का उपयोग एक बात है। उत्पादकता, अमीरी, तकनीक को भोगना एक बात है लेकिन सभ्य, समझदार मनुष्य और सामाजिक जीवन का विकास अलग बात है। परमाणु ऊर्जा के ज्ञान और उपयोग पर गौरवान्वित होना एक बात है लेकिन यदि समझदारी के सभ्य-सम्यक मनुष्य व्यवहार में उसका उपयोग नहीं हुआ तो वह ज्ञान कितना अनर्थकारी होगा? विज्ञान-नॉलेज से हर आदमी के हाथ में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया है मगर दिमाग क्योंकि जहालत-काहिली में भरा हुआ है तो नए नॉलेज-तकनीक और विकास से भी वह धर्मयुद्ध लड़ा जा रहा है, जिसके मूल में कल्पनाओं की कथा-कहानियां हैं।

प्रगति एक सच्चाई है। ज्ञान-विज्ञान की सैद्धांतिक प्रगति अंतरिक्ष में मनुष्य को उड़ाते हुए है। ऐसे ही सृजनात्मक, सौंदर्य व कलात्मक विकास भी अभूतपूर्व है।

## सू- दोकू क्र.92

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## कांग्रेस में पुराने नेताओं का महत्व बढ़ा

कांग्रेस में पुराने नेताओं की पूछ बढ़ी है। ऐसा लग रहा है कि पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी पुराने नेताओं को सौंपने और उनके हिसाब से काम करने की सोच बन रही है। जयराम रमेश को संचार विभाग का प्रमुख बनाना इसी तरह का फैसला था। इसका असर भी दिख रहा है। कांग्रेस पहले के मुकाबले ज्यादा प्रभावी तरीके से अब भाजपा और उसके प्रचार का जवाब दे रही है। राहुल गांधी की छवि खराब करने वाले अभियान को रोकने के लिए भी कांग्रेस की नई मीडिया टीम ने ठोस पहल की है। रमेश का फैसला करने से पहले कांग्रेस आलाकमान ने हरियाणा में भूपेंदर सिंह हुड्डा की कमान बनवाई। वे खुद विधायक दल के नेता हैं और उनकी पसंद के नेता को प्रदेश अध्यक्ष बना कर अभी से 2024 के विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंप दी गई। जिस समय हुड्डा का फैसला हुआ उसी समय हिमाचल प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह की सांसद पत्नी प्रतिभा सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया और इस साल के चुनाव की जिम्मेदारी उनको सौंपी गई। अगले साल कर्नाटक में चुनाव होने वाला है, जहां सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार की कमान में पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। अशोक गहलोत और भूपेश बघेल का महत्व भी कांग्रेस ने समझा हुआ है। मध्य प्रदेश में भी पार्टी ने कमलनाथ को ही जिम्मेदारी सौंपी है। आने वाले दिनों मे ऐसे और फैसले होंगे। बताया जा रहा है कि पार्टी के पुराने नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और उनके साथ नए नेता जोड़े जाएंगे।

असल में पिछले चार-पांच साल में पार्टी के नए नेताओं ने जितना निराश किया है उससे कांग्रेस आलाकमान की आंख खुली है। कांग्रेस के युवा नेता सब कुछ मिलने के बाद या तो असफल रहे हैं या पार्टी छोड़ कर भाजपा और दूसरी पार्टियों के साथ चले गए हैं। पंजाब में चन्नी और सिद्धू का प्रयोग असफल रहा। गुजरात में चावड़ा और धनानी का प्रयोग असफल रहा। महाराष्ट्र में नाना पटोले का प्रयोग भी सफल होता नहीं दिख रहा है। असम में गौरव गोगोई और सुष्मिता देब का प्रयोग भी फेल हो गया।

राहुल गांधी ने पहले नए नेताओं को लेकर बड़े प्रयोग किए। लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के पाला बदलने के बाद उनका मोहभंग हुआ। फिर जब जितिन प्रसाद और आरपीएन सिंह भी सब कुछ मिलने के बाद पार्टी छोड़ कर भाजपा में चले गए तो राहुल ने नए प्रयोग से तौबा की। बताया जा रहा है कि अपने आसपास के अराजनीतिक लोगों की सलाह से चलने की बजाय वे पुराने और राजनीतिक लोगों की सलाह के काम करने के पुराने मॉडल पर लौटे हैं। इससे आने वाले दिनों में कांग्रेस को फायदा हो सकता है। (आरएनएस)

## इंटरनेट पर छाई टीवी की डायन 'मोनालिसा'

टेलीविज़न सीरियल नजर में डायन का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुई अभिनेत्री मोनालिसा सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती है। आए दिन ही उनकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल होते रहते है। इस बीच मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमे उन्होंने ब्लैक एवं रेड कलर कि ड्रेस पहन रखी है, इन तस्वीरों में मोनालिसा अपनी दिलकश अदाएं दिखाते हुए दिखाई दे रही हैं। वही फोटोज में यदि मोनालिसा के लुक की बात की जाए तो इसमें देखने के लिए मिल रहा है कि उन्होंने ब्लैक कलर का गाउन एवं रेड कलर का टॉप पहन हुआ है। साथ में अपनी नेचुरल ब्यूटी को फ्लॉन्ट कर रही हैं। मोनालिसा ने फोटोज को साझा करने के साथ ही लिखा, रुकना ठीक है और शांत रहो। प्रशंसक उनकी फोटोज की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। कुछ कह रहे हैं कि उन्होंने इससे पहले उनकी ऐसी फोटो और लुक नहीं देखा। वही मोनालिसा की इन फोटोज को सिर्फ कुछ ही देर में हजारों लाइक्स मिल चुके हैं। प्रशंसक अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। वही बात यदि मोनालिसा के वर्कफ्रंट की करें तो उनके पास ढेरों प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें वो काम कर रही हैं। जल्द ही मोनालिसा धप्पा और रात्रि के यात्रि 2 में नजर आएंगी।

# करोड़ों रूपये ठगने के मामले में पिता पुत्र सहित आठ नामजद

देहरादून (संवाददाता)। चिटफंट कम्पनी की आड में निवेशकों का करोडों रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नालापानी रोड निवासी पिताम्बर सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पीयर्स-डीपियर्स एलाईड कांरपोरेशन लि. ग्रुप चिटफंट कम्पनी के नाम पर उससे एंव अन्य व्यक्तियों से कई करोड रुपये की नगद धनराशि जमा करा कर कही छुप कर बैठ गया उपरोक्त कम्पनी के नियमों व प्लानों के आधार पर पूर्ण समया (से अधिक) उपरान्त कम्पनी के मालिक दुर्गा प्रसाद दूबे, इंदु दूबे कम्पनी की (ए0जी0एम0)पत्नी दुर्गा प्रसाद दूबे निवासी-जिला कानपुर, दिव्यांशु प्रसाद दूबे कम्पनी का (एम0डी0) पुत्र दुर्गा प्रसाद दूबे ,संदीप कुमार मिश्रा कम्पनी में (डायरेक्टर) पुत्र श्याम बिहारी मिश्रा निवासी जिला गोरखपुर, राहुल कुमार पाण्डेय पुत्र राजेन्द्र कुमार पाण्डेय निवासी जिला गोरखपुर, शैलेश कुमार उपाध्याय कम्पनी में निर्देशक निवासी कानपुर, विनोद चन्द्र पाठक कम्पनी के निर्देशके लखनऊ, राजन प्रसाद कम्पनी के निर्देशक के साथ मिलकर कम्पनी को देहरादून में लाये थे तथा वर्ष 2010 में दूसरी मंजिल चकराता रोड नियर बिंदाल पुल, देहरादून पियर्स ग्रुप आफ कम्पनी डीपियर्स अलाईड कारपोरेशन लि0मी0 कम्पनी के नाम से कार्यालय खोला था। जहां पर इन्होंने जनता को एफडी व अन्य में निवेश कराने का लालच देकर उनका करोडों रूपया लेकर फरार हो गये। एसएसप के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# संसदीय कार्यमंत्री का विधायकों से आग्रह, राष्ट्रपति मतदान तक दून में ही रहें

देहरादून (नगर संवाददाता)। राज्य के संसदीय कार्यमंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने आगामी 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति मतदान को देखते हुए सभी विध ायकों को 16 जुलाई से देहरादून में ही रहने का आग्रह किया गया है।

मंत्री डा. प्रेमचन्द अग्रवाल ने बताया कि एनडीए से राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मु उम्मीदवार है। इसी संदर्भ में 16 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में शाम सात बजे से एक बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें सभी विधायकों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। डा. अग्रवाल ने बताया कि 17 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव के तहत मॉक ड्रिल की जाएगी। इसमें भी सभी विधायकों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। डा. अग्रवाल ने सभी विधायको से आग्रह किया है कि वह 16 जुलाई से 18 जुलाई राष्ट्रपति पद के लिए मतदान तक देहरादून में ही ठहराव करें। मतदान के पश्चात की देहरादून से अपने-अपने क्षेत्र में जाएं। बीती 11 जुलाई को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपति मुर्मु ने देहरादून पहुंचकर सांसदों और विधायकों के साथ बैठक कर समर्थन हासिल किया गया था।

# मकान के नाम पर 13 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता

देहरादून। मकान के नाम पर 13 लाख की धोखाधडी के मामले में आठ लोगों को नामजद करते हुए पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएनटी कालोनी चुक्खुवाला निवासी यशवीर सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह बीएसएनएल में कार्यरत था जहां से उसने वीआरएस ले लिया था तथा वह अपने मकान के लिए प्लाट तलाश रहा था तभी उसका सम्पर्क रवि शर्मा नाम के व्यक्ति से हुआ जिसके द्वारा उसका सम्पर्क उसी के मित्र सतबीर से करवाया गया। सतबीर ने बताया कि उसकी बुआ प्रेमो देवी जो सोनीपत में निवास करती है व उसका एक भूखण्ड मसूरी में स्थित है व पति की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है तथा उनको पैसे की आवश्यकता है व अपनी उक्त सम्पत्ति / भूखण्ड को बेचना चाहती है । उसने वह सम्पत्ति देखी तो उसको लेने के तैयार हो गया पूरी सम्पत्ति की कीमत 70 लाख रूपये में तय हुई तथा उसने उनको 13 लाख रूपये दे दिये। उसने बताया कि मकान की जब रजिस्ट्री हुई और वह दाखिल खारिज करने नगर पालिका में गया तो उसको पता चला कि प्रेमों देवी की तो मृत्यु हो चुकी है। जिसके बाद उसके होश उड गये। उसने पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा तो पुलिस ने उसकी नही ं सुनी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दस हजार का ईनामी डकैत राजा गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने दिल्ली के गोगी गिरोह के दस हजार के डकैत राजा को नरेला दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। राजा पर दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में दर्जनों लूट, डकैती के मुकदमें दर्ज है। इसके तीन अन्य साथी पूर्व में हरियाणा व दिल्ली में गिरफ्तार हो चुके हैं।



आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल 2022 को हरेंद्र पाल पुत्र मूलचंद पाल निवासी मोहनपुर थाना सिविल लाइंस कोतवाली मैनेजर जय अंबे फिलिंग स्टेशन नलखेड़ा अनंतपुरा द्वारा थाना भगवानपुर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि, प्रात: मे 4 बाइक सवार बदमाशों द्वारा तमंचे के बल पर उनके पेट्रोल पंप में घुसकर डकैती की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हरिद्वार पुलिस द्वारा घटना का खुलासा करते हुए घटना के षडयंत्र में शामिल दिल्ली निवासी आकाश, शिवकुमार, सलमान, आशीष को पूर्व मे को गिरफ्तार किया जा चुका था। इन चारों लोगों द्वारा घटना करने में मुख्य आरोपियों की मदद की थी। गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में घटना में शामिल लोगों के बारे में बताया कि घटना में संदीप उर्फ बासी पुत्र विनय यादव निवासी नरेला दिल्ली, मोहित उर्फ अतुल उर्फ मोटू पुत्र अमित निवासी थाना इंचोली जिला मेरठ, सन्नी उर्फ पतलू पुत्र नागेंद्र निवासी पावली खेड़ा थाना कंकर खेड़ा मेरठ, राजा पुत्र सरबजीत निवासी नरेला दिल्ली शामिल थे। जानकारी करने पर पता चला कि चारों दिल्ली के गोगी गैग के सदस्य हैं तथा दिल्ली, एनसीआर, उत्तर प्रदेश व हरियाणा में कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। मोहित उर्फ अतुल उर्फ मोटू एवं सन्नी काकरान उर्फ पतलू जो कि उत्तर प्रदेश मेरठ से भी एक-एक लाख के इनामी थे जिन्हें मई में सोनीपत हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था तथा संदीप उर्फ बासी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था इनका चौथा साथी सरबजीत उर्फ राजा लगातार फरार चल रहा था। जिसे गत दिवस एसटीएफ ने नरेला दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। राजा गोगी गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

# फोन लूट में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पैदल आ रही महिला से अज्ञात युवक ने झपटा मारकर फोन लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष रोड निवासी शिल्पा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने काम से अपने घर सुभाष रोड गुरू नानाक निवास के पास आ रही थी तभी एक व्यक्ति उसके पास आया और उसके हाथ पर झपटा मारकर उसका मोबाइल लूटकर भाग गया।

# पूरी कीमत चुकाने पर भी ट्रक ना देने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। ट्रक बेचकर उसके पूरे पैसे लेने के बाद बहाने से ट्रक लेकर जाने व वापस ना करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढी कैण्ट निवासी संजय कुमार शर्मा ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने एक ट्रक सलीम अहमद पुत्र मतलूब हसन निवासी भटपुरा थाना फतेहपुर छुटमलपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश से एक लाख 80 हजार रूपये अदा करके खरीदा था। उपरोक्त वाहन फाईनेन्स से फाईनेन्स था जिसकी 25 किश्ते बकाया थी। उसका सौदे में यह तय हुआ कि बकाया 25 किश्तें वह जमा करेगा उसने सारी किश्त 2021 तक जमा करायी। एक दिन सलीम अहमद उसके कार्यालय पर आया और उसकी गैर मौजूदगी में उसका ट्रक लेकर चला गया। उसने जब उससे ट्रक वापस मांगा तो वह गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लघु व्यापारियों को मिले लाइसेंस व टोकन

संवाददाता



हरिद्वार। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति के प्रभारी अधि कारी श्याम सुंदर प्रसाद द्वारा नगर निगम क्षेत्र में 4 सेक्टरों में विभाजित किए गए रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को लाइसेंस व परिचय पत्र, टोकन आवंटित किए गए।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी (स्ट्रीट वेंडर्स) व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार पूर्व में 29 जून को टाउन वेंडिंग के निर्णय के अनुसार नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति के प्रभारी अधिकारी श्याम सुंदर प्रसाद द्वारा नगर निगम क्षेत्र में 4 सेक्टरों में विभाजित किए गए रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को लाइसेंस व परिचय पत्र, टोकन आवंटित किए गए। नगर निगम प्रशासन द्वारा वर्ष 2018 के सर्वे के अनुसार प्रथम श्रेणी में सर्वे कार्ड धारक 1500 रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को लाइसेंस, टोकन दिए जाने की योजना है। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति प्रभारी अधिकारी श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा राज्य सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार टाउन वेंडिंग कमेटी के अनुपालन करते हुए प्रथम चरण में चलती फिरती ठेली के लाइसेंस टोकन निर्गत किए जा रहे हैं, इसके उपरांत सभी चयनित वेंडिंग जोन के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को विकसित कर बिक्री प्रमाण पत्र, लाइसेंस, टोकन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में फेरी व्यवसाय स्ट्रीट वेंडर कारोबार करते हैं अब उन्हें नगर निगम में अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा ताकि उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार राज्य सरकार के संरक्षण में शोषण मुक्त अपना स्वरोजगार सभी रेडी पटरी के लघु व्यापारी कर सकें। इस अवसर पर नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष, टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा ने कहा विगत वर्षों से रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों की न्यायसंगत मांग के लिए संघर्ष करते चले आ रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली को धरातल पर क्रियान्वित करते हुए हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा यह सार्थक पहल की जा रही है।



## एक नजर

# मशहूर सिख नेता रिपुदमन सिंह की सरेआम गोली मारकर हत्या



कनाडा। मशहूर सिख नेता रिपुदमन सिंह मलिक की कनाडा में सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर उनकी खुलेआम तारीफ की थी। इसके अलावा रिपुदमन सिंह मलिक का विवादों से पुराना नाता रहा है। उन पर एयर इंडिया के प्लेन को बम धमाके से उड़ाने के मामले में 20 सालों तक मुकदमा भी चला था। जिसमें उन्हें साल 2005 में बरी कर दिया गया था। सिख नेता रिपुदमन सिंह मलिक कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिखों और पंजाबियों को अलगावादी नेताओं से दूर रहने की नसीहत देने में जुटे हुए थे। हालांकि इससे पहले रिपुदमन सिंह खालिस्तान के हिमायती हुआ करते थे, वहीं वक्त के साथ उनकी विचारधारा खालिस्तान से अलग हो गई और अब यहीं उनकी मौत की वजह बनती दिख रही है। शुक्रवार सुबह साढ़े 9 बजे अज्ञात हमलावरों ने ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे शहर में रिपुदमन सिंह मलिक पर सरेआम गोली चलाई थी।

# दलेर मेहंदी को 2 साल की जेल



चंडीगढ़। पटियाला की अदालत ने गायक दलेर मेहंदी की 19 साल पुराने मानव तस्करी मामले में 2 साल की जेल के खिलाफ याचिका खारिज कर दी और उन्हें जेल भेज दिया है। उन्हें मार्च 2018 में उनके भाई के साथ दोषी ठहराया गया था वह जमानत पर थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने लोगों को विदेश ले जाने के बहाने 1 करोड़ रुपए तक लिए। जमानत याचिका खारिज होने के बाद दलेर मेहंदी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने गायक और उनके भाई शमशेर सिंह जिनकी अक्टूबर 2017 में मृत्यु हो गई थी और दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# 'सर तन से जुदा' नारे लगाने का आरोपी गौहर चिश्ती गिरफ्तार



हैदराबाद। अजमेर दरगाह पर सर तन से जुदा नारे लगाने का मामला आरोपी गौहर चिश्ती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह मामले के तूल पकड़ने के बाद अजमेर से भागकर हैदराबाद चला गया था और उसने सिर के बाल और दाढ़ी छोटी करवा ली थी। राजस्थान पुलिस उसे गिरफ्तार कर जयपुर ले आई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हैदराबाद के रहने वाले अमानुल्लाह ने गौहर चिश्ती को शरण दी थी। राजस्थान पुलिस ने गौहर चिश्ती के साथ ही अमानुल्लाह को भी गिरफ्तार किया है। अजमेर के एडिशनल एसपी विकास सांगवान ने बताया कि गौहर चिश्ती अजमेर दरगाह की देखभाल करने वाला खादिम है। उसने 17 जून को दरगाह के बाहर बीजेपी नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ सर तन से जुदा के भड़काऊ नारे लगाए थे।

# बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी ने की पाकिस्तानी सेना के अधिकारी की हत्या

कराची। पाकिस्तान में एक हफ्ते पहले अगवा हुए आर्मी अफसर कर्नल लाइक बेग मिर्जा का गुरुवार को बलूचिस्तान प्रांत के एक हाईवे पर शव मिला है। इस हत्या की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी ने ली है। मिर्जा ईद की



छुट्टी पर परिवार के साथ कराची से जियारत निकले थे। बलूचिस्तान के सीएम कुदुस बिजेंजो ने कहा कि दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी और मिर्जा के परिवार को इंसाफ मिलेगा। पाकिस्तान की सेना के मुताबिक, 10-12 आतंकियों का गुट मिर्जा की किडनैपिंग में शामिल था। इसके तुरंत बाद सेना ने क्विक रिएक्शन फोर्स को तैनात कर दिया था। इतना ही नहीं हेलिकॉप्टर्स को भी आतंकियों के सर्च में लगाया गया है। सुरक्षाबलों ने बुधवार रात 6-8 आतंकियों को पहाड़ों के पास देखा था। माना जा रहा है कि इन आतंकियों ने संभावित खतरे को भांपते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल लाइक बेग मिर्जा को गोली मार दी और भागने की कोशिश की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने फायरिंग की, इसमें दो आतंकी मारे गए हैं।

# धामी ने किया राज्य के पहले अक्षय पात्र किचन का उद्घाटन

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज झाझरा में बनाए गए अक्षय पात्र किचन का उद्घाटन किया। इस किचन से अब देहरादून के 120 स्कूलों को मिड डे मील उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य में यह पहला सेंट्रलाइज्ड किचन है जिसे हंस फाउंडेशन के द्वारा संचालित किया जाएगा।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र चाहे कोई भी हो शिक्षा का हो या चिकित्सा का, हंस फाउंडेशन द्वारा सराहनीय सहयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह राज्य का पहला और देश का 63 वां अक्षय पात्र किचन है। राज्य में जल्द ही 4 और ऐसे ही किचन शुरू किए जाएंगे जो हरिद्वार, काशीपुर, गदरपुर, और रुद्रपुर में बनाए जाएंगे।

अक्षय पात्र किचन से अगस्त के पहले सप्ताह में दून के 120 स्कूलों के 15500 छात्रों को मिड डे मील उपलब्ध कराया जाएगा। पीएम पोषण योजना के तहत शुरू किए जाने वाले इन सेंट्रलाइज्ड किचन से बच्चों को स्वच्छ और पौष्टिक खाना उपलब्ध हो सकेगा। जानकारी के अनुसार इस किचन की क्षमता 35 हजार लोगों को खाना उपलब्ध कराने की है। अत्याधुनिक मशीनों से युक्त इस किचन में एक कुंतल आटा गूंदने तथा 20 हजार रोटियां बनाने व 12 सौ लीटर दाल बनाने तथा 100 किलो चावल बनाने की सुविधा और क्षमता है। इसके लिए 150 कर्मचारी स्टाफ रखा गया है।

### ❑देहरादून के स्कूली छात्रों को मिलेगा अगस्त से अक्षय पात्र किचन से खाना

उल्लेखनीय है कि राज्य में अब तक भोजन माताओं से मिड डे मील बनवाया जाता था जिसके बारे में कई तरह की शिकायतें आती थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि स्कूलों में मिड डे मील के माध्यम से बच्चे को सिर्फ पौष्टिक खाना ही नहीं मिलता है बल्कि इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि घर के कामकाज में उलझे गरीब परिवारों के जो बच्चे इसलिए स्कूल नहीं जा पाते थे कि स्कूल जाएंगे तो उन्हें खाना कहां से मिलेगा वह बच्चे अब शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत भी मौजूद रहे इस किचिन पर 10 करोड़ की लागत आई है।

# मुख्यमंत्री धामी 29 अगस्त को करेंगे 'सीएम उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' का शुभारंभ

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार राज्य में स्कूल स्तर से ही खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सीएम उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना का शुभारंभ 29 अगस्त को करने जा रही है।

इस योजना के तहत हर जिले के 150 बालक और तकरीबन इतनी ही बालिकाओं को हर महीने 1500 रुपये की छात्रवृत्ति दी जायेगी।

खेल मंत्री रेखा आर्य द्वारा यह बात अपने कैंप कार्यालय में आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक में कही गयी। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर 8 से 14 साल के बच्चों को खेल छात्रवृत्ति दी जाएगी। भविष्य में जिन बच्चों का इसमें चयन हो चुका होगा, आगे उनकी खेल प्रतिभा बरकरार रहे इसके लिए उन्हें विभिन्न अवसर दिए जाएंगे। उन्हें किस-किस तरह के अवसर दिए जा सकते हैं विभागीय अधिकारियों को इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

खेल विकास निधि के बारे में खेल मंत्री ने कहा कि विभाग की ओर से इसके लिए जो प्रस्ताव दिया गया है उस पर मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी। मंत्री ने कहा कि पूर्व में खिलाड़ियों को चार प्रतिशत खेल कोटा मिलता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह मामला कोर्ट में है। इसे फिर से कैसे शुरू किया जा सकता है इसकी समीक्षा की जाएगी। बैठक में सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग अभिनव कुमार, निदेशक खेल एवं युवा कल्याण डॉ. जीएस रावत, संयुक्त निदेशक युवा कल्याण अजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त निदेशक धर्मेन्द्र भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# महिला पर्यटक ने शराब पीकर किया हंगामा, पुलिस एक्ट में कार्यवाही

हमारे संवाददाता

नैनीताल। माल रोड के एक होटल में एक महिला पर्यटक पर शराब का नशा क्या चढ़ा महिला ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। पति ने जब रोका तो महिला का पति से ही विवाद हो गया। जिसके चलते पति उसे होटल में छोड़कर चला गया। हंगामा बढ़ता देख होटल प्रबन्धन द्वारा की गयी शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में महिला के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी एक महिला अपने पति के साथ बीते मंगलवार को नैनीताल घूमने आई थी। माल रोड के समीप एक होटल में कमरा लेने के बाद दोनो पति पत्नी पूरे दिन शहर में घूमे। रात को महिला पर्यटक द्वारा शराब पीकर हल्ला मचाना शुरू कर दिया जिसके चलते उसका पति से भी विवाद हो गया।

बताया जा रहा है कि पत्नी के हंगामे से परेशान पति उसे बुधवार सुबह होटल में छोड़कर चला गया तो महिला ने फिर हंगामा शुरु कर दिया। जिसके बाद होटल प्रबंधन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के अनुसार महिला को समझाकर शांत किया गया है साथ ही उसके खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई करने के बाद उसे हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया है।

# नाले में बही दो बहनों में से दूसरी का शव दूधली में मिला

संवाददाता

देहरादून। आमवाला में नाले के किनारे रहने वाले परिवार की दो बच्चियां 13 जुलाई को नाले में तेज बहाव के चलते बह गयी थी जिसमें से एक बच्ची का शव मिल गया था लेकिन दूसरी बच्ची का कुछ पता नहीं चला था जिसका शव दूसरे दिन दूधली के पास नदी में मिला।

उल्लेखनीय है कि 13 जुलाई को तेज बारिश के चलते शहर की नदी नालों का जल स्तर बढ गया था। आमवाला के पास नाले के किनारे बसी बस्ती में रहने वाले सुनील अपने पत्नी कविता दो बेटियों खुशी (8 वर्ष) व रचना (6 वर्ष) के साथ एक साल से रह रहा था। 13 जुलाई को तेज बारिश में उसकी दोनों बेटियां घर के बाहर बारिश में नहा रही थी तथा उनकी मां कविता व नानी भी वही खडी थी तभी नाले में तेज बहाव आने से दोनों बच्चियां पानी के बहाव के साथ बह गयी। जिसका पता चलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया तथा खुशी का शव थोडी दूरी पर मिल गया था लेकिन रचना का कुछ पता नहीं चल सका था। आज रेस्क्यू टीम को रचना का शव दूध ली के पास नदी में मिल गया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*